चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः गोप/प्रयो0/1513
दिनांकः 01.10.2021

# प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों में विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2020 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षकों की सूची ईमेल के माध्यम से पूर्व में ही प्रेषित कर दी गई थी किन्तु कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा विभिन्न संकायों की विभिन्न विषयों की प्रयोगात्मक/मौखिक/आन्तरिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अभी तक अपलोड नहीं किये गये है जिससे उक्त महाविद्यालयों/संस्थानों के छात्र/छात्राओं का दिसम्बर–2020 का परीक्षाफल अपूर्ण है।

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–गोप0/प्रयो0/1313, दिनांक 03.08.2021 एवं पत्र संख्या–गोप0/प्रयो0/1411, दिनांक 08.09.2021 द्वारा ऐसे महाविद्यालय/संस्थान जिन्होने विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2020 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं के अंक अभी तक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये थे, उन सभी महाविद्यालय/संस्थान से अपेक्षा की गई थी कि प्रयोगात्मक/मौखिक /आन्तरिक परीक्षाये सम्पन्न करा कर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन अंक अपलोड कर अंकपर्णों की दो प्रतियॉं (कुलसचिव प्रति एवं टैबुलेटर प्रति) गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर प्रत्येक दशा में 01 सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दें ताकि परीक्षाफल समय पर घोषित किया जा सके परन्तु आज दिनांक 30.09.2021 तक भी महाविद्यालयों/संस्थानो द्वारा प्रयोगात्मक/मौखिक/आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं। यह स्थिति अत्यंत ही खेदजनक है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त दिशा–निर्देशों एवं माननीय परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में सम सेमेस्टर–जून 2021 (अन्तिम सेमेस्टर छोड़कर) में छात्र/छात्राओं को विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2020 में प्राप्त अंकों के आधार पर अंक प्रदान/प्रोन्नत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेश के क्रम में संलग्न सूची में अंकित सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान प्रत्येक दशा में दिनांक 06.10.2021 तक प्रयोगात्मक/मौखिक/आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें ताकि सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान के छात्र/छात्राओं का विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2020 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके तथा उक्त सेमेस्टर के आधार पर सम सेमेस्टर जून–2021 में छात्र/छात्राओं को प्रोन्नत किया जा सके यदि ऑनलाईन पोर्टल पर अंको के अभाव में उक्त परीक्षाफल घोषित करने में कोई भी विलम्ब होता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का होगा।

01.10.2021
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया जी के संज्ञानार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, परीक्षा परिणाम, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
5. प्रभारी, वेबसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
6. आउट सोर्स कम्पनी (मासकोट सॉफ्टवेब सोलूसन प्राईवेट लि0)।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)